

प्रेरणा
रिश्तों की सिलाई अगर
भावनाओं से हुई है
तो टूटना मुश्किल है
और अगर स्वार्थ से हुई है,
तो टिकना मुश्किल है

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 23 DECEMBER TO 29 DECEMBER 2021 • VOLUME-23 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863


मास्क जरूरी,
नहीं कोई मजबूरी

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD


E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# बिक्रम सिंह मजीठिया के विदेश भागने की आशंका के बीच लुकआउट नोटिस जारी

**चंडीगढ़.** शिअद नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया के विदेश भागने की आशंका के बीच लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। इस नोटिस की जानकारी पंजाब पुलिस ने गृह मंत्रालय को भी दे दी है। पुलिस ने देश के सभी एयरपोर्टस को अलर्ट कर दिया है ताकि मजीठिया विदेश ना भाग जाएं। उधर, केस दर्ज होने के एक दिन बाद गृह मंत्रालय ने भी मजिठिया के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। मोहाली थाना पुलिस की अपराध शाखा ने एनडीपीएस कानून के तहत मजीठिया के खिलाफ 49 पन्नों की एफआईआर दर्ज की थी। राज्य में नशीले पदार्थों से जुड़े 2018 के एक मामले की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर मजीठिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। यह रिपोर्ट मादक पदार्थ विरोधी स्पेशल टास्क फोर्स के प्रमुख हरप्रीत सिंह सिद्धू ने साल 2018 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में दाखिल की थी।



एफआईआर में कहा गया है कि मामले की जांच एसआईटी द्वारा की जानी चाहिए, जिसके लिए डीसी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने इस मामले की जाँच के लिए तीन मैंबरी एसआईटी का गठन कर दिया है। ईडी ने दिसंबर 2014 में मजीठिया से भी पूछताछ की थी, उस दौरान वह अकाली सरकार में मंत्री थे। उच्च न्यायालय में लंबित एसटीएफ की यह रिपोर्ट जगजीत सिंह चहल, जगदीश सिंह भोला और मनिंदर सिंह औलख सहित कुछ आरोपियों के बयान पर आधारित है। ये सभी 2013 के करोड़ों रूपये के नशीले पदार्थ रैकेट मामले में आरोपी हैं जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।

## 24 दिसम्बर को सभी एसएसपी दफ्तरों के घेराव की चेतावनी

**चंडीगढ़.** यूथ अकाली दल के प्रधान परमबंस सिंह रोमाणा ने प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि डीजीपी एस.चट्टोपाध्याय ने मजीठिया के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश देकर सभी मानदंडों को तोड़ा है। पहली बार किसी डीजीपी ने ऐसा आदेश दिया है। अधिकारियों पर दबावा बनाया गया है। अकाली दल की मांग है कि तत्कालीन एसटीएफ प्रमुख हरप्रीत सिद्धू द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद ड्रग्स मामले में एचसी के कहने पर की गई जांच को सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि 24 दिसम्बर को अकाली दल द्वारा सभी एस.एस.पी. दफ्तरों का घेराव किया जाएगा।




# कैप्टन का रावत पर तंज, जो बोओगे...वही काटोगे!

**नयी दिल्ली.** उत्तराखंड में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के ट्वीट से सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया है। इसी बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरीश रावत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो बोओगे वही काटोगे! आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। दरअसल, कंग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि पार्टी पर नाराजगी जताते हुए ट्वीट किया कि है न अजीब सी बात, चुनाव रूपी समुद्र को तैरना है, संगठन का ढांचा अधिकांश स्थानों पर सहयोग का हाथ आगे बढ़ाने के बजाय या तो मुंह फेर करके खड़ा हो जा रहा है या नकारात्मक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता ने वहां कई मगरमच्छ छोड़ रखे हैं और जिनके आदेश पर तैरना है, उनके नुमाइंदे मेरे हाथ-पांव बांध रहे हैं। मन में बहुत बार विचार आ रहा है कि हरीश रावत, अब बहुत हो गया, बहुत तैर लिए, अब विश्राम का समय है।



हरीश रावत ने कहा कि फिर चुपके से मन के एक कोने से आवाज उठ रही है कि न दैन्यं न पलायनम्। बड़ी उहापोह की स्थिति में हूं, नया वर्ष शायद रास्ता दिखा दे। मुझे विश्वास है कि भगवान केदारनाथ जी इस स्थिति में मेरा मार्गदर्शन करेंगे। कंग्रेस नेता का ट्वीट सामने आने के बाद से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उत्तराखंड कंग्रेस में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। पंजाब का प्रभार छोड़ने वाले हरीश रावत ने अपने गृह राज्य पर ध्यान देने की बात कही थी लेकिन अब वो पार्टी से नाराज चल रहे हैं।

# डेरा ब्यास मुखी ने की सीएम चन्नी के साथ मुलाकात

**चंडीगढ़.** राधा स्वामी डेरा सत्संग, ब्यास के मुखी बाबा गुरिन्दर सिंह ढिल्लों ने बुधवार को मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ उनकी रिहायश पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री चन्नी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ बाबा गुरिन्दर सिंह का आशीर्वाद लिया जिससे वह अपने सामर्थ्य और काबिलीयत के अनुसार राज्य और लोगों की सेवा कर सकें। बाबा गुरिन्दर सिंह ने मानवता के कल्याण के लिए राज्य सरकार की तरफ से लिए गए लोक समर्थकीय पहलकदमियों की सराहना की। उन्होंने कोविड-19 की महामारी के दौरान कोविड को काबू में रखने के लिए लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने और अन्य एहतियादी कदम उठाने के लिए राज्य भर में हालात के साथ प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सरकार के यत्नों को सराहा। यह बताने योग्य है कि मुख्यमंत्री चन्नी ने बीते दिन डेरा ब्यास जाकर बाबा गुरिन्दर सिंह का आशीर्वाद लिया।



# स्वास्थ्य विभाग ने शीत लहर संबंधी जारी की एडवाइज़री

**चंडीगढ़.** राज्य में लगातार चल रही शीत लहर के मद्देनजऱ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। ज़िक्रयोग्य है कि पंजाब में तापमान में गिरावट देखी जा रही है और ठंड के लम्बे समय तक संपर्क में रहने से कई बीमारियाँ जैसे फ्लू, नाक बहना, हाइपोथर्मीया, फरौस्टबाईट आदि होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे ठंडे मौसम से अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के डायरैक्टर डॉ. अन्देश ने कहा कि लोगों को शीत लहर के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर नजऱ रखनी चाहिए। शीत लहर के हालातों के मद्देनजऱ पंजाब के लिए मौसम विभाग द्वारा ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को शीत लहर की स्थितियों से अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की हिदायतों की पूरी तरह से पालना करनी चाहिए। उसने ओमीक्रॉम वेरीऐंट के खतरे के विरुद्ध भी चेतावनी दी, क्योंकि यह डेल्टा वेरीऐंट की अपेक्षा तीन गुना अधिक संक्रामक है और उन्होंने लोगों को अपना टीकाकरण पूरा करने और कोविड के अनुरूप व्यवहार की पालना करने की अपील की।

ओमिक्रॉन का खौफ

## दिल्ली सरकार ने क्रिसमस, न्यू ईयर पर एकत्रित होने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली.** नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के खतरे के चलते दिल्ली सरकार ने क्रिसमस और नए साल के जश्न के आयोजन के लिए होने वाले किसी भी जमावड़े पर रोक लगा दी है। डीडीएमए ने इस बारे में औपचारिक आदेश जारी किया.। किसी भी तरह के कल्चरल इवेंट, गैदरिंग पर रोक लगाई गई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को आदेश का पालन करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ हीजिला प्रशासन से रोजाना रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के देश की राजधानी में बढ़ते मामलों के मद्देनजर डीडीएमए का यह आदेश आया है। इसके साथ ही मार्केट ट्रेड एसोसिएशन को दुकानों पर नो मास्क, नो एंट्री लागू करने के लिए कहा गया है।

ओमिक्रॉन के कुल केस देश में बढ़कर 213 हो गए हैं। हालांकि, 90 मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सबसे ज्यादा 57 मामले दिल्ली में हैं व महाराष्ट्र में 54 केस सामने आए हैं।

## सेंट्रल हल्के में लोगों का गुस्सा इस समय सातवें आसमान पर...

# गुरुनानकपुरा-लद्देवाली फाटक बंद, पीएपी सर्विस लेन बंद, किन मुद्दों पर वोट मांगेगे सेंट्रल हल्के से विधायक

**• जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

**पंजाब में** जालंधर शहर का सेंट्रल विधान सभा हल्का पिछले कई सालों से चर्चा का विषय बना हुआ है। नेशनल हाईवे के साथ स्थित इस हल्के के लोगों को पिछले कई सालों से पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां लोगों को राहत देने के लिए पीएपी फ्लाईओवर का निर्माण किया गया था जिससे शहर से गुरुनानकपुरा और लद्दवाली क्षेत्र में रहने वाले लोगों को आसानी से सर्विस लेन पर होकर फ्लाईओवर के ऊपर मर्ज हो जाना था परन्तु फ्लाईओवर के निर्माण में कुछ खामियां होने के कारण सर्विस लेन वाली ट्रैफिक को अब रामामंडी फ्लाईओवर से घूम कर आना पड़ रहा है। इससे जहां लोगों को वीत्तीय नुकसान के साथ-साथ घंटों तक पीएपी चौंक के जाम में भी फंसना पड़ रहा है।

दूसरी तरफ इसी क्षेत्र में लद्दवाली रोड के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा आरओबी (रेलवे क्रासिंग के ऊपर से फ्लाईओवर) बनाया जा रहा है जिसका कार्य अगले साल तक पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन इस वक़्त लोगों को निर्माण कार्य के चलते एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

जिक्रयोग्य है कि पिछले कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में गुरुनानकपुरा फाटक को भी रेलवे द्वारा रख-रखाव के लिए कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को रामामंडी से घूम कर आना पड़ रहा है या बशीरपुरा फाटक की तरफ से घंटों तक जाम में फंस कर आना पड़ रहा है। वहीं इस क्षेत्र के लोग भी पिछले काफी समय से आरओबी (रेलवे क्रासिंग के ऊपर फ्लाईओवर) निर्माण कार्य शुरू करने के लिए प्रशासन और क्षेत्र के विधायक से गुहार लगा रहे हैं। जिससे उन्हें भी घंटों तक जाम और रेलवे क्रासिंग पर न फंसना पड़े।

बता दें कि नेशनल हाईवे नंबर 44 पर भी विभाग द्वारा दकोहा क्रासिंग पर व्हीकल अंडर पास अप्रूव हुआ पड़ा है जिसका निर्माण कार्य अभी शुरू होना है। इस कार्य की कुल लागत 12 करोड़ के करीब आएगी।


दूसरी तरफ धन्नोवाली के पास सड़क क्रासिंग के लिए फुटओवर ब्रिज बनना है जिसकी कुल लागत लगभग 2 करोड़ है और इसका उद्घाटन भी हो चुका है पर काम शुरू नहीं किया गया।

गौरतलब है कि साल 2022 की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और इस क्षेत्र के विधायक राजिंदर बेरी को जहां इन मुद्दों पर लोगों को जवाब देना होगा। वहीं दूसरी ओर कंग्रेस पार्टी के वर्कर और मेयर जगदीश राजा समेत कई काउंसलरों द्वारा इसी विधानसभा क्षेत्र में टिकट के लिए आवेदन करना कहीं न कहीं विधायक राजिंदर बेरी के लिए आने वाला समय चुनौती भरा रहेगा।


• रेलवे द्वारा रख-रखाव हेतु कुछ दिनों के लिए बंद किया गया गुरुनानकपुरा फाटक।












• लद्देवाली निर्माण कार्य और पीएपी सर्विस लेन बंद होने के कारण इस तरफ जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# यह है वो 5 पोषक तत्व जिनकी आपके शरीर को सर्दियों के दौरान सबसे अधिक जरूरत होती है

**हेल्थ टिप्स**

सर्दियों के दौरान आपको अपने शरीर की देखभाल करने की आवश्यकता होती है। आइए जानें कौन हैं वो 5 पोषक तत्व जो इस मौसम के लिए आवश्यक हैं।





• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर

सर्दी आ गई है। साल के इस समय में आपको स्वस्थ रखने के लिए अपना अधिक खायल रखने की जरूरत होती है, क्योंकि सर्दियों का मौसम बहुत सारी बीमारियों के साथ आता है।

इसलिए, आपको अपने शरीर की अधिक देखभाल करने और उसकी जरूरतों का ध्यान रखने की जरूरत होती है। आइए जानें सर्दियों के मौसम में ऐसे कौनसे 5 पोषक तत्व हैं जिनकी आपको सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

### विटामिन डी

गर्मी के मौसम में हमें भरपूर धूप मिलती है। हालांकि हमें सर्दियों के मौसम में समान अवसर नहीं मिलता है। लेकिन विटामिन डी काफी फायदेमंद होता है, इसलिए सर्दी के मौसम में भी इसकी जरूरत होती है। ये कैंसर के संबंध में कोशिका वृद्धि को कम करने में सहायक है। साथ ही ये हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग से भी बचा सकता है।

### विटामिन सी

सर्दी के मौसम में सर्दी, फ्लू, साइनस और संक्रमण जैसे लक्षण आमतौर से दिखाई देते हैं। इसलिए हमें सावधान रहने और अपने शरीर की देखभाल करने की जरूरत होती है। ऐसे में अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखना जरूरी है। विटामिन सी व्यापक रूप से इम्युनिटी को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।

### आयरन

आयरन एक पोषक तत्व है। सर्दियों के महीनों के दौरान, आयरन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये हमारी कोशिकाओं के माध्यम से ऑक्सीजन का परिवहन करता है। ये हमें पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखता है। आयरन की आवश्यकता शरीर को हीमोग्लोबिन बनाने के लिए होती है। ये लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है। ये शरीर के विभिन्न अंगों और ऊतकों में ऑक्सीजन की प्रवाह को बनाएं रखने का काम करता है।

### जिंक

सर्दी के मौसम में हमारी इम्युनिटी को मजबूत बनाने की आवश्यकता होती है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने पर बीमार होने का खतरा अधिक होता है। जिंक एक शक्तिशाली इम्युनिटी बूस्टर है क्योंकि ये शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है।

### विटामिन बी 12

विटामिन बी12 आपके मूड के लिए बेहद जरूरी है। विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्वों का सेवन मौसमी बीमारियों से निपटने में मदद कर सकता है। एसएडी एक मूड डिसऑर्डर है ये आमतौर पर सर्दियों के दौरान होता है। विटामिन बी12 आपको इस बीमारी से लड़ने में मदद करता है और आपको खुश रखता है क्योंकि ये मस्तिष्क में ऐसे रसायन पैदा करता है जो मूड को प्रभावित करते हैं।

---

## क्रिसमस पर घूमने का है प्लान, भारत की इन जगहों पर डालें एक नजर


*क्रिसमस का त्यौहार करीब है और इस फेस्टिवल पर घूमने के लिए इंडिया में कई डेस्टिनेशन मौजूद हैं. अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन जगहों पर एक बार नजर डालें...*



गोवा क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए मोस्ट फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। गोवा की बीच और लेट नाइट पार्टियां आपको बेहद पसंद आएंगी।



केरल अपनी खूबसूरत हरियाली के लिए फेमस है, लेकिन यहां आपको कई ऐतिहासिक चर्च मिलेंगी, चहां क्रिसमस की अलग ही धूम देखने को मिलती है।



क्रिसमस के हर ट्रेडिशन को ऊटी में फॉलो किया जाता है। यही कारण है कि यहां टूरिस्ट इस फेस्टिवल को काफी एंजॉय करते हैं। आप भी ऊटी में स्पेशल मोमेंट्स को कैच कर सकते हैं।



क्रिसमस के दौरान मुंबई की सड़कों पर भी जश्न का माहौल देखने को मिलता है। यहां कई चर्च हैं, जिनमें से माउंट मैरी चर्च काफी मशहूर है।



सिटी ऑफ जॉय के नाम से मशहूर कोलकाता में क्रिसमस सेलिब्रेशन की बात ही अलग है। यहां कई ऐसे स्पॉट हैं, जहां क्रिसमस के दौरान अलग ही रौनक रहती है।



शिलांग में क्रिसमस सेलिब्रेशन की बात ही अलग है। आपको यहां द कैथेड्रल चर्च मिलेगी, जिसे एक बड़ा टूरिस्ट स्पॉट माना जाता है।

## किसी चीज को छूने या हाथ मिलाने पर क्यों लगता है करंट और आती है स्पार्क होने की आवाज, जानिए इसके पीछे क्या है विज्ञान

***मौसम बदलने पर कई बार ऐसा होता है कि आप किसी चीज को छूते हैं तो पहली बार में करंट लगता है और स्पार्क होने जैसी आवाज आती है। ऐसा होने के बाद इंसान दोबारा किसी चीज से छूने से डरता है। कभी सोचा है ऐसा क्यों होता है, जानिए इसके पीछे का विज्ञान...***



**मौसम बदलने** पर कई बार ऐसा होता है कि आप किसी चीज को छूते हैं तो पहली बार में करंट लगता है और स्पार्क होने जैसी आवाज आती है। ऐसा होने के बाद इंसान दोबारा किसी चीज से छूने से डरता है। ऐसी घटना किसी इंसान को छूने या हाथ मिलाने पर भी होती है। कभी सोचा है ऐसा क्यों होता है, जानिए इसके पीछे का विज्ञान...

ऐसी घटनाएं तब होती हैं जब मौसम में बदलाव होता है। खासतौर पर सर्दी की शुरुआत और इसके खत्म होने पर ऐसी घटनाएं ज्यादा होती हैं। विज्ञान कहता है, इसकी वजह है इलेक्ट्रॉन और मौसम में नमी की मात्रा का घटना और बढ़ना। यही दोनों फैक्टर तय करते हैं कि करंट लगेगा या नहीं।

ऐसा होता क्यों है, अब इसे भी समझ लीजिए। मौसम में ठंडक बढ़ने पर हवा में नमी खत्म हो जाती है। ऐसा होने पर इंसान की स्किन की सतह पर इलेक्ट्रॉन विकसित हो जाते हैं। जैसे- एक इंसान के हाथ में नेगेटिव चार्ज वाला इलेक्ट्रॉन और दूसरे के हाथ में पॉजिटिव चार्ज वाला इलेक्ट्रॉन। दोनों के हाथ मिलाने या एक-दूसरे को छूने पर तो करंट लगता है और आवाज आती है।

गर्मी के मौसम में ऐसा नहीं होता क्योंकि इस मौसम नमीं ज्यादा रहती है इसलिए इलेक्ट्रॉन स्किन पर आसानी से विकसित नहीं होते और इंसान को करंट का झटका नहीं लगता। या बहुत कम ही मामलों में ऐसा हो पाता है। यही वजह है कि इंसान के साथ सर्दियों में ऐसा होता है लेकिन गर्मियों में नहीं।

इलेक्ट्रॉन एक उप-परमाणु कण है, जिस पर ऋणात्मक विद्युत आवेश होता है। सभी प्राथमिक कणों की तरह, इलेक्ट्रॉनों में कणों और तरंगों दोनों के गुण होते हैं। वे अन्य कणों से टकरा सकते हैं और उन्हें प्रकाश की तरह अलग किया जा सकता है, लेकिन इन्हें नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता।








# चीन में एक्सप्रेसवे पर बने पुल का 500 मीटर हिस्सा ढहा, ऊंचाई से गिरने के बाद टुकड़े-टुकड़े हुए ट्रक और कार, कई लोगों की मौत

▶ चीन के हुबेई प्रांत में पुल का एक हिस्सा ढहने से बड़ा हादसा हो गया है। ▶ घटना के वक्त पुल पर गाड़ियां चल रही थीं। ▶ हादसे के चलते 198 टन वजनी ट्रक भी नीचे गिर गया।

• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर

चीन के सामान की गुणवत्ता कितनी घटिया होती है, ये बात दुनिया में सभी को पता है। यहां बने हथियार से लेकर रोजमर्रा के सामान तक, कुछ भी लंबे समय तक नहीं टिकता। अब चीन के हुबेई प्रांत से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां चीनी इंजीनियरों ने एक्सप्रेसवे पर ऐसा पुल बनाया, जिसका एक हिस्सा ढह गया। इससे चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। इस बात की जानकारी चीन के अधिकारियों ने दी है। हादसा दोपहर के समय हुआ है। जिसके बाद से पुल बनाने में लगे सामान की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



यातायात और पुलिस बल के अधिकारियों ने बताया कि ये हादसा शनिवार को एझोउ शहर में दोपहर के 3 बजकर 30 मिनट पर हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में एक एक्सप्रेसवे पर बने पुल का करीब 500 मीटर (1,640 फीट) का हिस्सा ढह गया। चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि कई वाहन पुल से नीचे गिर गए। घटना के कारण एक्सप्रेसवे को बंद कर दिया गया है।

## तीन ट्रक और एक कार नीचे गिरी

हादसा जिस वक्त हुआ है, उस वक्त पुल पर काम चल रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि तब वहां कितने मजदूर मौजूद थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि पुल के ढहने के बाद उसपर चल रहे तीन ट्रक और कार भी नीचे गिर गए। एक 198 टन वजनी ट्रक नीचे गिरते समय दो टुकड़ों में टूट गया। जबकि कार चकनाचूर हो गई। खबर के मुताबिक परिवहन मंत्रालय के अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। चीन में हुई यह ऐसी पहली घटना नहीं है, बल्कि इससे पहले भी कई बार इसी तरह के हादसे देखने को मिले हैं। लेकिन सरकार ऐसे हादसों को छिपाती आई है। ताकि दूसरे देशों में चीनी कंपनियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों पर इसका असर ना पड़े।

## घटनास्थल की हो रही जांच

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि परिवहन मंत्रालय के इंजीनियर और निरीक्षक जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और प्रांतीय गवर्नर के साथ ही एक उप प्रांतीय गवर्नर बचाव प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। शिन्हुआ ने कहा कि यातायात पुलिस अधिकारी और दमकलकर्मी भी घटनास्थल पर हैं, वह यातायात को डायवर्ट कर रहे हैं। सरकारी चैनल सीजीटीएन ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को सूचित किए जाने के करीब 20 मिनट बाद 50 आपातकालीन कर्मियों और नौ दमकल गाड़ियों का पहला समूह घटनास्थल पर पहुंचा था।

# ई-श्रम कार्ड के तहत आपको भी मिलेगा इन सरकारी योजनाओं का फायदा, यहां समझिए कैसे?

**समय-समय पर केंद्र या राज्य सरकारों की तरफ से कई योजनाएं शुरू की जाती है, जिसका कई लोगों को फायदा मिलता है। ठीक उसी तरह असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग भी इस कार्ड के जरिए देश में कहीं पर भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।**

**असंगठित** क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से लगातार कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में देश के अंदर जितने भी लोग असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उनके लिए ई-श्रमिक कार्ड लागू किया गया है। इसके तहत आपको सभी सरकारी योजनाओं का फायदा मिलेगा।



इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आपको ई श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। जिसके बाद देश के किसी भी कोने में काम करने वाला कामगार अलग-अलग सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। दरअसल इस कार्ड के लिए 16 से 59 साल का कोई भी शख्स रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन कई तरीकों से आप पंजीकरण कर सकते हैं।

**पूरी तरह से नि:शुल्क है रजिस्ट्रेशन :** वैसे तो ई-श्रम कार्ड के लिए आप खुद भी ई-श्रम पोर्टल https://eshram.gov.in/ के जरिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। लेकिन अगर आप खुद रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं तो परेशान होने की कोई बात नहीं है। दरअसल आप कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर भी पंजीकरण करा सकते हैं। इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि, किसी को भी ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए पैसे ना दें, क्योंकि यह रजिस्ट्रेशन पूरी तरह से नि:शुल्क है। श्रमिकों को ना पोर्टल और ना कॉमन सर्विस सेंटर पर रजिस्ट्रेशन के लिए कोई भुगतान करने की जरूरत है।

**इन सरकारी योजनाओं का मिलेगा फायदा :** समय-समय पर केंद्र या राज्य सरकारों की तरफ से कई योजनाएं शुरू की जाती है। कोरोना संकट के दौरान लोगों को अनाज वितरण किया गया था। जिसका कई लोगों को फायदा मिला। ठीक उसी तरह श्रमिक इस कार्ड के जरिए देश में कहीं पर भी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

- ई-श्रम कार्ड के लिए आवेदन करने पर श्रमिक को 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर दिया जाएगा। श्रमिक अगर दुर्घटना का शिकार होता है तो मृत्यु या फिर पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।ॉ
- भविष्य में अगर सरकार की ओर से वर्कर्स के लिए कोई नई योजनाएं लाई जाती है, तो रजिस्टर्ड लोगों को इसका पूरा और डायरेक्ट फायदा भी मिलेगा।
- अगर सरकार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को भी सीधे तौर पर कोई लाभ देना चाहती है, तो काफी आसानी से कामगार इसे ले सकेंगे।
- अभी देश में लगभग सभी लोगों को एक सामान मात्रा में राशन मिलता है, चाहे वो संगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग हो या फिर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले। लेकिन ई-श्रम कार्ड के डाटा के आधार पर जो सरकार के द्वारा एकत्रित किया गया है, दूसरे लोगों की तुलना में असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले लोगों को शायद ज्यादा मात्रा में राशन मिल सकें।
- देश में ऐसे बहुत सारे मजदूर है, जो दिहाड़ी मजदूरी करके अपना जीवन व्यतीत करते हैं और उनके पास रहने के लिए भी कोई घर नहीं होता। ऐसे में सरकार पीएम आवास के तहत भविष्य में इन्हें फायदा दे सकती है। लेकिन इन सभी योजनाओं का आपको तभी लाभ मिलेगा जब आपके पास ई-श्रम कार्ड उपलब्ध होगा।

# नया साल शुरू होने से पहले अपनाएं ये खास रणनीति, बजट बिगड़ने की नहीं रहेगी टेंशन

**कुछ ही दिनों में नए साल की शुरुआत हो जाएगी, लेकिन न्यू ईयर की शुरुआत से पहले कुछ चीजों को जान लेना आपके लिए जरूरी है, ताकि आपकी आर्थिक सेहत ठीक रहे।**

**कुछ ही दिनों** में नए साल की शुरुआत होने वाली है, जिसके बाद कई चीजें बदल जाएगी, जिसका सीधा असर आपके बजट पर पड़ेगा। पिछले कुछ समय से बनी कोविड की स्थिति के चलते सभी लोगों को काफी नुकसान हुआ , लेकिन त्योहारों के समय खुले हाथ के साथ खर्चें भी हुए, जिससे ना केवल खर्चों की अधिकता रही होगी बल्कि बजट भी थोड़ा बहुत गड़बड़ाया होगा। अगर आपने भी त्योहारों के समय ज्यादा खर्चा कर दिया था, जिसकी भरपाई अबतक नहीं हो पाई है, तो यह खबर ध्यान से पढ़ें, और नए साल की शुरुआत से पहले ये खास रणनीति अपनाएं ताकि आर्थिक सेहत बनी रहे।

**अपने खर्चों का हिसाब रखें :** हर महीने के शुरुआत में ही अपना बजट बना लें और अगर पिछले दिनों आपके खर्चे ज्यादा हुए हैं, तो उसके हिसाब से ही आगे की तैयारी करें। इसके साथ ही अपने खर्चों का हिसाब रखना भी जरूरी है, क्योंकि पिछले खर्चे आने वाले महीनों में आपको बोझ लग सकते है। साथ ही ना चाहते हुए भी आपको इन्हें चुकाना पड़ेगा, इसलिए बेहद जरूरी है कि, पहले ही हिसाब कर लें।

**सबसे पहले कर्ज चुकाएं :** आज के दौर में हर किसी के पास क्रेडिट कार्ड का ऑप्शन उपलब्ध है, और इधर-उधर से उधार लेने की बजाय लोग क्रेडिट कार्ड से ही शॉपिंग या फिर दूसरे खर्चें निपटा लेते हैं। लेकिन क्रेडिट कार्ड भी एक तरह का लोन ही है, क्योंकि इसे समय पर चुकाया नहीं गया तो इसपर भी काफी ब्याज लग जाता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि, चाहे आपने ज्यादा उधार लिया है या कम, समय रहते पूरा कर्ज चुका दें। इससे आने वाले महीनों में आप पर ज्यादा आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।




**अपनी बचत शुरू करें :** अगर आप नौकरी पेशा व्यक्ति हैं तो सेविंग्स भी जरूर करते होंगे। लेकिन अगर पिछले दिनों आपने खर्चें ज्यादा करें हैं और अपनी बचत का इस्तेमाल इन खर्चों को चुकाने में भी किया है। तो दोबारा अपनी बचत करें, क्योंकि नए साल में कई चीजें बदल जाएंगी, इसलिए जरूरी है उन बातों को ध्यान में रखते हुए अपनी बचत शुरू करें। बता दें, हर व्यक्ति को अपने लिए एक इमरजेंसी फंड रखना चाहिए।

**नए साल में ये गलती ना करें :** नए साल में इस बात का खयाल रखें कि, जो गलती पिछले साल की है, वो दोबारा ना हो। वहीं त्योहारों में शॉपिंग या फिर दूसरी चीजों को अपने बजट में ही करें। वहीं, अगर आपकी बचत कम है और आपने महीने में ज्यादा खर्च कर भी दिए हैं तो उसे समय रहते संभाल लें। इससे आपका बजट बिगड़ेगा नहीं।

# बिरयानी, समोसा और गुलाब जामुन इस साल रहे भारतीयों की पहली पसंद! स्विगी की रिपोर्ट ने कई 'राज' खोले

**स्विगी की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सबसे ज्यादा उदार शहर के रूप में सामने आया। उदार इस मामले में कि यहां स्विगी के एक डिलिवरी पार्टनर को सिर्फ एक ऑर्डर के लिए 6,000 रुपये की टिप दी गई।**

**फूड डिलीवरी** पार्टनर स्विगी ने अपनी छठी वार्षिक स्टैटईटस्टिक्स रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कई दिलचस्प बातें सामने आई हैं। सबसे ज्यादा ऑर्डर होने वाले फूड आइटम का रिकॉर्ड इस बार भी बिरयानी के नाम रहा। स्विगी ने इस साल बिरयानी के हर मिनट 115 ऑर्डर प्राप्त किए। डेजर्ट की बात करें तो ऐप पर सबसे ज्यादा गुलाब जामुन के ऑर्डर मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रसमलाई रही।

वहीं दूसरी ओर स्नैक्स में देसी समोसा टॉप पर रहा। इसके बाद पावभाजी का नंबर रहा। स्विगी ऐप पर इस साल पावभाजी के 21 लाख ऑर्डर रिसीव हुए। एशिया की बात करें तो टॉप के 3 व्यंजनों में भारतीय और चायनीज फूड शामिल रहे। इसके बाद मेक्सिकन और कोरियाई फूड का स्थान रहा। इस रिपोर्ट में और भी कई बातें निकलकर सामने आईं।

**इस साल हेल्थ कॉन्शस रहे लोग**

कोविड के दौर से गुजरते हुए लोग इस साल हेल्थ कॉन्शस बने रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, हेल्थ को प्राथमिकता देने वाले रेस्टोरेंट के लिए ज्यादा डिमांड मिली। स्विगी पर 2021 में हेल्दी फूड के लिए सर्च दोगुनी हो गई और इन रेस्टोरेंट को मिले ऑर्डर में 200 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बेंगलुरु के लोग स्वास्थ्य के प्रति सबसे ज्यादा सतर्क रहे। इसके बाद इस लिस्ट में हैदराबाद और मुंबई का नंबर रहा।

**कीटो और वीगन फूड के भी ऑर्डर्स खूब बढ़े :** रिपोर्ट के मुताबिक, इस फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर कीटो ऑर्डर्स 23 फीसदी बढ़ गए और वीगन फूड के ऑर्डर्स में भी 83 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बता दें कि स्टैटईटस्टिक्स ऑर्डर एनालिसिस स्विगी को फूड डिलिवरी, ग्रॉसरी ऑन इंस्टामार्ट, पिक अप और डॉप सर्विस बाई स्विगी जेनी और हेल्थहब सहित उसकी सभी सेवाओं को मिले ऑर्डर्स पर आधारित है।

**किस शहर में सबसे ज्यादा क्या ऑर्डर किए गए?**

**दिल्ली :** दाल मखनी, वेज पिज्जा, आलू टिक्की, क्रिस्पी वेज बर्गर और मसाला डोसा

**गुरुग्राम :** दाल मखनी, फ्रेंच फ्राइस, मसाला डोसा, पनीर बटर मसाला और क्रिस्पी वेज बर्गर

**मुंबई : दा**ल खिचड़ी, चिकन फ्राइड राइस, पाव भाजी, मसाला डोसा और गारलिक ब्रेडस्टिक्स

**पुणे :** पनीर टिक्का मसाला, चिकन दम बिरयानी, दाल खिचड़ी, जीरा राइस और दाल तड़का



जयपुर: दाल फ्राई, पनीर बटर मसाला, कढ़ाई पनीर, मलाई कोफ्ता और दाल मखनी

**कोलकाता :** चिकन बिरयानी, मटन बिरयानी, चिकन दार्जिलिंग स्टीम मोमो, मसाला डोसा और चिकन फ्राइड राइस

**चेन्नई :** चिकन बिरयानी, चिकन फ्राइड राइस, मटन बिरयानी, पनीर बटर मसाला और घी पोंगल

**बेंगलुरु :** चिकन बिरयानी, मसाला डोसा, पनीर बटर मसाला, घी राइस और गोभी मंचूरियन

**हैदराबाद :** चिकन बिरयानी, चिकन 65, पनीर बटर मसाला, मसाला डोसा और इडली

**लखनऊ :** में चिकन बिरयानी, मसाला डोसा, मटन बिरयानी, कढ़ाई पनीर और क्रिस्पी वेज बर्गर

## चेन्नई में डिलीवरी बॉय को 6000 रुपये टिप

देशभर में चेन्नई सबसे ज्यादा उदार शहर के रूप में सामने आया। उदार इस मामले में कि यहां स्विगी के एक डिलिवरी पार्टनर को सिर्फ एक ऑर्डर के लिए 6,000 रुपये की टिप दी गई। स्विगी की रिपोर्ट के मुताबिक, रात 10 बजे के बाद कंपनी को सबसे ज्यादा ऑर्डर चीज गारलिक ब्रेड, पॉपकॉर्न और फ्रेंच फ्राइज के मिले। रात 7-9 बजे के बीच का समय उसके डिलिवरी पार्टनर्स के लिए सबसे ज्यादा व्यस्त रहा।

**फल-सब्जियों में टमाटर और केले टॉप पर :** इंस्टामार्ट ने 2021 में अकेले फल और सब्जियों के 2.8 करोड़ पैक की डिलिवरी की। ऑर्डर किए गए टॉप 5 फल और सब्जियों में टमाटर, केले, प्याज, आलू और हरी मिर्च शामिल रहे। फूड और ग्रॉसरी के बाद दवाइयां जिनी डिलीवरी के लिए टॉप 3 कैटेगरी में शामिल रहीं। जिनी ऑर्डर्स में लगभग 48 फीसदी हिस्सेदारी फूड आइटम्स की रही और इनमें से 20,000 ऑर्डर्स पेट फूड के थे। जिनी पर 'मेडिसिन' की कैटेगरी में 288.79 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**3 लाख सैनिटरी नैपकिन की डिलीवरी :** अन्य जरूरी सामानों में इंस्टामार्ट ने 1 लाख मास्क के अलावा 4 लाख से ज्यादा साबुन और हैंडवाश की डिलीवरी भी की। वहीं 70,000 बैंड-एड, 55000 डायपर्स के पैक और 3 लाख सैनिटरी नैपकिन के पैक की भी डिलिवरी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-जून, 2021 के बीच, स्विगी जिनी ने सत्य साई ट्रस्ट और हयात रीजेंस जैसे कोविड हीरोज द्वारा तैयार 600 मील्स की प्रति दिन डिलीवरी की।

**42 और 55 किमी दूर तक गया डिलीवरी बॉय :** रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु के स्विगी जिनी डिलीवरी पार्टनर ने एक ऑक्सीजन फ्लोमीटर पहुंचाने के लिए 42 किमी का सफर किया। वहीं बेंगलुरु में एक फूड पैकेज की डिलीवरी के लिए एक पार्टनर को 55.5 किमी की दूरी तय करनी पड़ी। सबसे कम दूरी 200 मीटर रही, जिसमें एक स्टोर से कस्टमर के दरवाजे तक एक टंग क्लीनर की डिलीवरी की गई थी। कोविड का समय ही ऐसा था कि बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं था।

# मजीठिया के ख़िलाफ़ प्रतिशोध नहीं, हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार कानून काम कर रहा : चन्नी

## मुख्यमंत्री बोले- बेअदबियों के दोषी भी जल्द होंगे सलाखों के पीछे

**दोदा, श्री मुक्तसर साहिब.** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा है कि उनकी सरकार नशा बेचने वालों को बच कर भागने नहीं देगी और मजीठिया केस में कानून अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री दोदा गाँव की दाना मंडी में एक बड़ी जनसभा को संबोधन कर रहे थे, जहाँ उन्होंने कहा कि राज्य से नशे के रोग को पूरी तरह से ख़त्म किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि मजीठिया केस में कोई राजनीतिक प्रतिशोध नहीं लिया जा रहा और कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने गिद्दड़बाहा हलके के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए देने के ऐलान करने के साथ-साथ दोदा गाँव के अस्पताल को अपग्रेड करने का ऐलान भी



किया और पीआरटीसी के सब डीपू और गिद्दड़बाहा के नए बनने वाले बस अड्डे की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया कि जिस तरह नशे के मामलों में कार्रवाई शुरू हुई है, जल्द ही कानून बेअदबी के दोषियों से भी निपटेगी।

उप मुख्यमंत्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार अपने अच्छे कार्यों से लोगों का विश्वास जीत रही है और साथ ही बादलों और कैप्टन अमरिन्दर सिंह की कुशासन का सफ़ाया कर रही है। उन्होंने गिद्दड़बाहा में पशु ख़ुराक फैक्ट्री के लिए 14.50 करोड़ रुपए देने का ऐलान भी किया।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पंजाब सरकार की नयी पहल

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं को मुफ़्त मिलेंगे सैनेटरी पैड

**चंडीगढ़.** उड़ान स्कीम के अंतर्गत अब पंजाब के सभी 27 हज़ार 314 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ज़रूरतमन्द महिलाओं को हरेक महीने मुफ़्त में सैनेटरी पैड मुहैया करवाए जाएंगे। इसकी औपचारिक शुरुआत सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास मंत्री रज़िया सुल्ताना ने बीते दिनों मालेरकोटला से कर दी है।

सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास मंत्री रज़िया सुल्ताना ने बताया कि राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण सम्बन्धी बहुत सी पहलकदमियां की जा रही हैं। इसी के अंतर्गत अब राज्य के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ज़रूरतमन्द लड़कियों /महिलाओं को प्रति महीना 9 सैनेटरी पैड मुफ़्त में दिए जाया करेंगे।

उन्होंने कहा कि पहले पड़ाव में हरेक आंगणवाड़ी केंद्र पर करीब 50 लड़कियों / महिलाओं को कवर किया जा रहा है। इस तरह हरेक महीने 13 लाख 65 हज़ार 700 लाभार्थियों



को सैनेटरी पैड दिए जाया करेंगे। हरेक महीने बाँटे जाने वाले सैनेटरी पेडों की कुल संख्या 1करोड़ 22 लाख 91 हज़ार 300 बनती है। बीते कल उन्होंने मालेरकोटला में ज़रूरतमन्द लड़कियों/महिलाओं को सैनेटरी पैड बाँट कर इस स्कीम की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इस मौके पर उन्होंने सैनटरी पैड का रिकार्ड रखने वाले प्रोफार्मे को 'ऐम-सेवा' एप्लीकेशन पर अपलोड करने की शुरुआत भी की।

# श्री देवी तालाब मंदिर में 5 दिवसीय क्राफट मेला शुरू



**जालंधर.** स्थानीय श्री देवी तालाब मंदिर कंपलैक्स में आज पाँच दिवसीय क्राफट मेला शुरू हुआ, जिसमें उतर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर सहित देश के अलग -अलग राज्य से आए दस्तकारों की तरफ से अपने उत्पादों के स्टाल लगाए गए है। क्राफटस मेले की शुरुआत करवाते हुए डीसी घनश्याम थोरी ने बताया कि श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत महा सभा की तरफ से नोरथ जन्म कल्चरल सैंटर पटियाला के सहयोग के साथ यह मेला लगाया गया है, यह मेला श्री हरिवल्लब संगीत सम्मेलन की 26 दिसंबर को समाप्ति तक लगातार चलेगा।

# कांग्रेस खुद का अस्तित्व बचाने की कोशिश में, पंजाब को संकट से कैसे निकालेगी : अश्वनी शर्मा

**चंडीगढ़.** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा भी चुनाव मैदान में अपना बिगुल फूँक चुकी है। इसको लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा पंजाब के सभी जिलों में प्रदेश व जिला स्तर से लेकर बूथ-स्तर तक के संगठनात्मक ढांचे की सरंचना को और सक्रिय करने, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों तथा कार्यकर्ताओं के मार्ग-दर्शन के लिए मालवा का तूफानी दौरा किया। इसी कड़ी में अश्वनी शर्मा द्वारा अबोहर, फाजिल्का, मुक्तसर व बठिंडा विधानसभा क्षेत्रों के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के सभी पदाधिकारियों की बैठकें की। उन्होंने इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश भाजपा महासचिव जीवन गुप्ता, डॉ. सुभाष शर्मा, राजेश बागा, दयाल सिंह सोढ़ी आदि उपस्थित थे। अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और इस बार पहली बार भाजपा अपने



दम पर 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है और इसको लेकर कार्यकर्ताओं में बहुत जोश देखने को मिल रहा है और जनता भी इस बार भाजपा को पंजाब में विकल्प के रूप में सत्ता में लाने का दृढ़ संकल्प कर चुकी है।

कांग्रेस व शिअद के सहित अन्य विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं का भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार कितना हो चुका है। उधर पंजाब की जनता कांग्रेस के कुशासन व भ्रष्टाचार से बहुत तंग हैं और पंजाब में सत्ता परिवर्तण का मन बना चुकी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की हालत बद से बदतर हो चुकी है। दिन-दिहाड़े बैंक डकैतियां, सरेबाजार लूट-पाट, हत्याएं आदि हो रहे हैं। राज्य सरकार की जन-विरोधी व प्रदेश विरोधी नीतियों के चलते प्रदेश के शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, व्यापारी, मजदूर, किसान, सरकारी कर्मचारी, यहाँ तक कि मुख्यमंत्री के अपने सैक्टरेट के कर्मी आदि सभी अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस सरकार के विरुद्ध सड़कों पर धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रदेश का शासन राम-भरोसे चल रहा है। प्रदेश की जनता व भाजपा कार्यकर्त्ता पंजाब में सत्ता-परिवर्तन के लिए ठान चुके है। इसलिए वो पंजाब में भी केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की तरह पंजाब में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए दृढ़ संकल्प कर चुके हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम, लुधियाना ने चिकित्सा कैंप लगवाया गया

**लुधियाना.** कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा भारत कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देश के सभी क्षेत्रों में एक वर्ष तक प्रत्येक माह चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना द्वारा दिनांक 15.12.2021 को M/s Ralson (India) Ltd. Unit-2, दोराहा, जी.टी रोड, लुधियाना में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, लुधियाना के सहयोग से ईएसआई जागरूकता व चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 366 कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया व दवाइयाँ भी उपलब्ध कारवाई गई। साथ ही बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी के विभिन्न हितलाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, तथा ईएसआई के अधिकारियों द्वारा नियोजक को सभी बीमाकृतों के UAN संख्या अपडेट करने की सलाह दी गई। शिविर में श्री सत्यवान सिंह (सहायक निदेशक), श्री संदीप सलूजा (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), श्रीमती आकांक्षा रहेजा (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), डॉ. रवि (General Physician), डॉ. जी.एस. अर्नेजा व उनकी चिकित्सा टीम ने भाग लिया। M/s Ralson (India) Ltd. की मैनेजमेंट द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम की इस अच्छी पहल को सराहा गया व उन्होने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों एवं चिकित्सकों की टीम को धन्यवाद किया।

# जालंधर को प्रदूषण मुक्त बनाने को 'ग्रीन वारियर' बनने का दिया न्योता

**जालंधर.** डिप्टी कमिशनर आफ पुलिस जगमोहन सिंह ने आज लोगों को'ग्रीन वारियर'बनने का न्योता दिया जिससे जालंधर शहर को साफ़ -सुथरा, हरा -भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। डी.सी.पी. ने आकाश इंस्टीट्यूट की तरफ से लाजपत नगर में आज पौधे लगाने के अभियान का आग़ाज़ करते हुए शहर में हरियाली को और बढ़ाने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए कहा कि वातावरण की संभाल के लिए सांझे प्रयत्न करना समय की मुख्य माँग है और इस उदेशय के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं।

उन्होंने कहा कि शहर में हरियाली के घेरे को बढाने के लिए लोगों को पौधे लाने के अभियान में शामिल होना चाहिए, जिसमें हर क्षेत्र के निवासियों को बनता योगदान देकर हरा -भरा और प्रदूषण मुक्त जालंधर यकीनी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड -19 कारण मौजूदा स्वास्थ्य संकट के समय हरियाली, पौधों और वृक्षों का अपना महत्व है क्योंकि इनके द्वारा सेहतमंद वातावरण को अमली रूप दिया जा सकता है। आकाश इंस्टीट्यूट की तरफ से किये



जा रहे अलग-अलग कामों की प्रशंसा करते हुए डी.सी.पी. ने कहा कि अच्छे वातावरण, आस-पास साफ़ -सुथरे सम्बन्धित अधिक से अधिक जागरूकता फैलानी चाहिए क्योंकि युवाओं के साथ इस अभियान को बड़े स्तर पर कामयाब किया जा सकता है। इससे पहले ब्रांच मैनेजर विवेक भदौरिया और अकादमिक हैड राहुल त्यागी और दूसरे सदस्यों ने डी.सी.पी. का स्वागत किया।

# स्वीप गतिविधियां जोरों पर



**कपूरथला.** पंजाब विधान सभा मतदान 2022 के मद्देनज़र वोटर जागरूकता अभियान और विशेष कर 18 और 19 साल के युवाओं को वोटर के तौर पर रजिस्टर्ड करने के मंतव्य के साथ स्वीप गतिविधिया ज़ोरदार ढंग के साथ चलाई जा रही हैं।

डिप्टी कमिशनर कपूरथला कम ज़िला चयन अधिकारिक दीप्ति उप्पल की तरफ से सभी ऐस.डी.ऐम और स्वीप के नोडल आधिकारियों और शिक्षा विभाग के आधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों और कालेजों में विद्यार्थियों को जहाँ वोट के सही प्रयोग और लोकतंत्रीय प्रक्रिया में और ज्यादा भागीदारी के लिए प्रेरित करें। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जहाँ सुल्तानपुर लोधी के सरकारी स्कूलों में हस्ताक्षर मुहिम चलाया, वहीं सरकारी कालेज भुलत्थ की तरफ से आज वोटर जागरूकता रैली निकाली गई। फगवाड़ा के आर्य माडल सीनियर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के वोटर जागरूकता लेख मुकाबले करवाए गए,वही सरकारी कन्या सीनियर सेकंडरी स्कूल सुल्तानपुर लोधी में बच्चों के भाषण, पोस्टर मेकिंग और रंगोली के मुकाबले हुए।

# लुधियाना के 347 लाभपात्रियों के 1 करोड़ 56 लाख के कर्ज़े क्षमा किए

**लुधियाना.** बचत भवन लुधियाना में माननीय मुख्य मंत्री पंजाब चरनजीत सिंह चन्नी जी की योग्य नेतृत्व हेठ राज कुमार वेरका कैबिनेट मंत्री पंजाब के निर्देशों के अनुसार हलका गिल के विधायक कुलदीप सिंह वेद, मोहम्मद गुलाब वाइस चेयरमैन बैंकफिको और अतिरिक्त डीसी खन्ना सचिव सिंह बल्ल की तरफ से 40 लाभपात्रियों को 20 लाख के कर्ज़माफी के सर्टीफिकेट बाँटे गए।

विधायक कुलदीप सिंह वैद्य ने कहा कि पंजाब सरकार हर वर्ग की भलाई और तरक्की के लिए वचनबद्ध है। इस मौके मनजीत सिंह हम्बड़ा भी विशेष तौर पर मौजूद थे। इस मौके मोहम्मद गुलाब वाइस चेयरमैन बैंकफिको ने बताया कि पंजाब सरकार ने बैंकफिंको की स्थापना साल 1976 में राज की पिछड़ें स्रेणियें और आर्थिक तौर पर कमज़ोर वर्गों का आर्थिक मानक ऊँचा उठाने के मनोरथ के साथ की थी। इस कार्पोरेशन की तरफ से स्व रोज़गार स्कीमों के लिए कम ब्याज दरों और कर्ज़े दिए जाते हैं। इसकी इलावा पिछड़ी श्रेणियों और कम संख्या वर्ग के विद्यार्थियों को भारत और



विदेस में पढ़ाई करन के लिए कर्ज़े दिए जाते हैं। मोहम्मद गुलाब ने बताया कि पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब पिछड़ी श्रेणियों भूमि विकास और वित्त कार्पोरेशन (बैकफिंको) के 4702 लाभपात्रियों को 20 करोड़ 98 लाख रुपए के कर्ज़ माफी राहत दी गई है, जिसके अंतर्गत ज़िला लुधियाना के 347 लाभपात्रियों के 1 करोड़ 56 लाख के कर्ज़े क्षमा किये गए हैं। कर्जदारं की तरफ से कहा कि वह कर्ज़ मोड़ने से असमर्थ थे व करोना की बीमारी के कारण जो उनके कारोबार ठप्प हो गए थे, जिस कारण सरकार द्वारा जो पिछड़ी श्रेणियों के आर्थिक तौर पर कमज़ोर वर्ग और कम संख्या वर्ग के व्यक्तियों के लिए 50,000/- रुपए तक दे कर्ज़ क्षमा करके बड़ी राहत दी गई है।

# कोहली का साथ छूटा, इस खिलाड़ी का दिल टूटा, भूला रन बनाना

**इस खिलाड़ी को टीम इंडिया में जगह भी मिली है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका का दौरा भी किया था।**

देवदत्त पडिक्कल को भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जाता है। पिछले दो-तीन सालों में इस युवा बल्लेबाज ने अपने खेल से यह रुतबा हासिल किया है। घरेलू क्रिकेट में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी के बाद आईपीएल में भी उन्होंने रनों का अंबार लगाया। इसके बाद उन्हें जुलाई 2021 में श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया था। मगर अब लगता है कि इस बल्लेबाज का बल्ला उनसे रूठ गया है। आईपीएल 2021 के पहले हाफ के बाद से उनके रन नहीं बन रहे हैं। यह सिलसिला अभी भी जारी है। दिसंबर में जब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उन्हें रिलीज कर दिया उसके बाद से तो देवदत्त पडिक्कल की फॉर्म पूरी तरह से गायब लग रही है।

पडिक्कल ने आईपीएल 2021 में आरसीबी के लिए 411 रन बनाए थे। वे टीम की ओर से रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन 14 मैचों में वे केवल एक शतक और एक फिफ्टी ही लगा पाए थे। इनके अलावा बाकी मैचों में वे बड़े रन नहीं बना पाए थे। साथ ही उनकी स्ट्राइक रेट भी 125 के आसपास रही थी। वे कप्तान विराट कोहली के साथ मिलकर आरसीबी को लगातार अच्छी



शुरुआत देने में नाकाम रहे थे।

आईपीएल 2021 के बाद देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक की तरफ से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने उतरे। यहां उन्होंने पांच मैच खेले लेकिन वे केवल 109 रन बना सके। उन्होंने एक फिफ्टी भी लगाई थी। यहां उनकी स्ट्राइक रेट भी 100 से कुछ ही ऊपर रही जो टी20 क्रिकेट के लिहाज से बुरी मानी जाती है। इससे पहले जब साल 2021 की शुरुआत में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी हुई थी तब पडिक्कल रंग में थे। उन्होंने उस एडिशन में छह मैच में 43.60 की औसत से 218 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 134.56 की रही थी।

पडिक्कल को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंडिया ए में भी चुना गया था। इसके बाद उन्हें एक अनाधिकारिक टेस्ट खेलने का मौका मिला था। लेकिन पडिक्कल इसमें कामयाब नहीं हुए। वे आठ और 15 रन बनाकर आउट हो गए। बाकी के मैचों में उन्हें मौका नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका से वापस आने के बाद वे विजय हजारे ट्रॉफी में खेले। लेकिन यहां भी रन नहीं आए। दो मैच में वे चार रन बना सके। उनकी टीम कर्नाटक का क्वार्टर फाइनल में ही सफर भी समाप्त हो गया।

पडिक्कल की फॉर्म को लेकर चिंता की बात यह है कि पिछली 10 पारियों में वे तीन बार खाता खोले बिना आउट हो चुके हैं। साथ ही केवल एक बार वे 50 रन के पार पहुंचे हैं। साथ ही सात पारियों में वे दहाई का आंकड़ा तक पार नहीं कर पाए हैं। इन आंकड़ों से साफ होता है कि बाएं हाथ का यह युवा सितारा अभी फॉर्म की कमी से जूझ रहा है। मगर उनका रिकॉर्ड अभी भी शानदार है। 22 लिस्ट ए मैचों में 77.27 की औसत से 1391 रन उनके नाम हैं। वहीं 54 टी20 मुकाबलों में 37.32 की औसत से 1829 रन वे बना चुके हैं।

# एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, पाकिस्तान को 4-3 से हराया



**ढाका.** एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरूष हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान को लगातार दूसरी बार हराते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसी के साथ भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में ओवरऑल पांचवां मेडल और पहला ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। इससे पहले भारतीय टीम ने तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता था। हालांकि यह पहला मौका था जब पाकिस्तान हॉकी टीम कोई भी मेडल अपने नाम नहीं कर पाई और उसका सफर भी भारत के साथ समाप्त हो गया। मस्कट में पिछली बार हुए टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे थे।

सेमीफाइनल मुकाबले में मंगलवार को भारतीय टीम को जापान ने 5-3 से हरा दिया था। जिसके बाद ब्रॉन्ज मेडल के लिए भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान के साथ हुआ। भारतीय टीम ने पहले मिनट में हरमनप्रीत सिंह के गोल की मदद से बढत बना ली। इसके बाद सुमित, वरूण कुमार और आकाशदीप सिंह ने गोल दागे। जबकि पाकिस्तान की तरफ से अफराज,अब्दुल राणा और अहमद नदीम ने गोल किए।

# सेंट्रल जेल लुधियाना में कैदियों के लिए विशेष रेडियो स्टेशन 'रेडियो उजाला पंजाब' की शुरूआत



**चंडीगढ़/लुधियाना.** कैदियों के लिए एक विशेष रेडियो सिस्टम के साथ, 'रेडियो उजाला पंजाब' का उद्घाटन आज श्री प्रवीन कुमार सिन्हा, आई.पी. एस., ए.डी.जी.पी. जेल, पंजाब द्वारा सेंट्रल जेल, लुधियाना में किया गया। आने वाले दिनों में इस पहल को छह अन्य जेलों में भी ऐसे स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस मौके पर बलकार सिंह, सुपरीटेंडेंट, सेंट्रल जेल, लुधियाना भी उपस्थित थे। जेलों में रेडियो सिस्टम इंडिया विज़न फाउंडेशन के सहयोग के साथ स्थापित किया जा रहा है, जो जेलों में विभिन्न सुधारात्मक परियोजनाओं के संचालन में अग्रणी है। प्रेरणा, ध्यान और सुधार के एक स्रोत के रूप में, जेल रेडियो बहुत से लोगों के जीवन को बदलने के लिए तत्पर है, जो संयोग या किस्मत से, जेलों में स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि रेडियो जेल का आंतरिक सिस्टम होगा, जिसको जेल के कैदी ही चलाएंगे। सभी सात जेलों के कैदी जो रेडियो जॉकी के रूप में काम करेंगे, को इंडिया विज़न फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

एडीजीपी जेल ने कहा कि "इसका मुख्य मंतव्य समाज विरोधी तत्वों का पुनर्वास और सुधार करना है। कैदियों को समाज से अलगाव का सामना करना पड़ता है। हम उम्मीद करते हैं कि जेल के अंदर अनुकूल माहौल और पर्याप्त कल्याण के अवसर प्रदान करने से इन कैदियों को अपराध की दुनिया से दूर रखने में मदद मिलेगी"।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.